**NAAC Criteria 7:-**

**7.1.4 :-**

Institutional effort or initiative in providing an inclusive environment i.e. tolerance harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic diversity and sensitization of students and employees to the constitutional obligation: values, right, duties and responsibilities of citizens (Pictures)

**1.Independence day and republic day**




# स्वतंत्रता दिवस समारोह 2022

15-08-2022

# शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में धूमधाम से मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस



आमचो छत्तीसगढ़

धरसींवा। शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.) में 76 वॉं स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने सभी देशवासियों को 76 वे स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी तथा वीर शहीदों को नमन किया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. पूनम झा ने अपने ओजस्वी भाषण के माध्यम से देश की वर्तमान स्थिति एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु आवश्यक प्रयास करने की अपील समस्त छात्र-छात्राओं से की। एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के स्वयं सेवकों एवं कैडेट्स ने देशभक्ति गीत गाकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी। महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा क्विक क्विज (Quick Quiz) का आयोजन किया गया, जिसका थीम छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी एक परिचय था। छात्र-छात्राओं ने उत्साह से क्विज में सहभागिता की । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

स्वतन्त्रता समारोह में श्री दुर्गेश वर्मा जी, अध्यक्ष, स्थानीय जनभागीदारी एवं प्रबंधन समिति, सभी गणमान्य सदस्य की गरिमामय उपस्थित में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री कौशल किशोर, सभी सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राऐं समारोह में सम्मिलित हुए। मंच संचालन एन.एस.एस. के स्वयं सेवक एवं एम.ए. राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के छात्र ओमप्रकाश द्वारा किया गया।

# Independence Day Celebration And Quiz Competition

15-08-2023




# 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

26-01-2023


Govt.Pt. shayamacharan shukla college Dharsiwa, Chhattisgarh, India
CM89+3Q2, Dharsiwa, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.415263° Long 81.669476°
26/01/22 08:04 AM


Govt.Pt. shayamacharan shukla college Dharsiwa, Chhattisgarh, India
CM89+3Q2, Dharsiwa, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.415263° Long 81.669476°
26/01/22 08:03 AM

## 2.World indigenous people Day

राष्ट्रीय वेबिनार
दिनांक 11/08/2021

समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 11/08/2021 को विश्व जनजाति दिवस (09/08/2021) के उपलक्ष्य पर "Treasures of Tribal Culture" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। उक्त राष्ट्रीय वेबिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रतवारी राम बैंगा, सदस्य टास्क फोर्स ऑन ट्राइबल एम.एफ.पी. राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ को आमंत्रित किया गया था आपने विशेष पिछड़ी जनजातियों (PVTG) के मूलभूत समस्याओं के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में प्रथम वक्ता डॉ. सौभाग्यरंजन पाढ़ी, प्रोफेसर समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानवशास्त्र विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक (म.प्र.) थे, आपके द्वारा जनजातीय समूहों के अन्य जातियों के मध्य संक्रमण एवं संक्रमण उपरांत होनेवाले सांस्कृतिक परिवर्तनों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की द्वितीय वक्ता डॉ. किरण नुरूटी, प्राचार्य एवं प्रोफेसर शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव (छ.ग.) रहीं आपने बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाली मुड़िया एवं माड़िया जनजाति की परंपरागत सांस्कृतिक विशेषताओं, रिति रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के संबंध में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुती के साथ हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि कुसुर के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति विनोद शर्मा मैडम जी के द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि श्री रतवारीराम बैंगा जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आमंत्रित वक्ता डॉ. सौभाग्यरंजन पाढ़ी जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात द्वितीय चरण में आमंत्रित वक्ता डॉ. श्रीमति किरण नुरूटी मैडम द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का विस्तृत फिडबैक महाविद्यालय के एम.ए. राजनीतिविज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मुसरत खान के द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक (इतिहासविभाग) एवं कार्यक्रम की सह-संयोजक डॉ. श्रीमति शबनूर सिद्दकी मैडम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन करवाया जिनमें छ.ग. राज्य के अतिरिक्त म.प्र., झारखंड, बिहार तथा पं. बंगाल के आदि राज्यों के प्रतिभागी भी सम्मिलीत हुए। कार्यक्रम का आयोजन Virtual Platform पर google meet तथा youtube Channel पर live प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक विशेष रूप से वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कु. सिंह

महाविद्यालय कोण्डागांव (छ.ग.) ...
में निवास करने वाली मुड़िया एवं माड़िया जनजाति की परंपरागत सांस्कृतिक विशेषताओं, रीति रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के संबंध में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा प्रार्थना गीत प्रस्तुती के साथ हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम की संमवयक डॉ. रश्मि कुमुर के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति विनोद शर्मा मैडम जी के द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि श्री सुनालश्याम बैंगा जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आमंत्रित वक्ता डॉ. सौभाग्यरंजन पाढी जी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात द्वितीय चरण में आमंत्रित वक्ता डॉ. श्रीमति किरण नुरूटी मैडम द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

Page No.
Date:

कार्यक्रम का विस्तृत फिडबैक महाविद्यालय के एम.ए. राजनीतिविज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मुसर्रत खान के द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक (इतिहासविभाग) एवं कार्यक्रम की सह-संयोजक डॉ. श्रीमति शबनूर सिद्दकी मैडम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में ५०० से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन करवाया जिनमें छ.ग. राज्य के अतिरिक्त म.प्र., झारखंड, बिहार तथा प. बंगाल के ~~प्रति~~ आदि राज्यों के प्रतिभागी भी सम्मिलीत हुए। कार्यक्रम का आयोजन Virtual Platform पर google meet तथा You-tube Channel पर live प्रसारित कियागया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक विशेष रूप से वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजयकु सिंह एवं सुश्री अदिति धनभगत विशेष रूप से उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया तथा PGDCA के अतिथि व्याख्याता श्री कौशीक प्रधान एवं टेक्नीशियन श्री उमेश वर्मा एवं महाविद्यालय के विद्यार्थि उपस्थित रहे।

Report of Value Added Prog...
Name of the Program
Duration of Course
Number of Students enrolled & completed

डॉ. शब्नूर सिद्दीकी
प्राध्यापक इतिहास विभाग

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी
डॉ. सुषमा मिश्रा
सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी

GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE, DHARSIWA
RAIPUR, CHHATTISGARH
Affiliated to Pt. Ravishanker Shukla University
Registered Under Section 2(F) & 12(B) of UGC Act
Accredited by NAAC with Grade-B

**One Day National Webinar**
**On**
**'Treasures of Tribal Culture' On the Occasion of International Day Of Indigenous People**

Organized by :- Department of Sociology
On 11th August 2021 at 12:30 Pm


Dr. Smt. Vinod Sharma
(Patron)


Guest of Honor
Shri Itwari Ram Baiga


(Eminent Speaker)
Dr. Soubhagya Ranjan Padhi


(Eminent Speaker)
Dr. Kiran Nuruti


Dr. Rashmi Kujur


Dr. Shabnoor Siddiqui


Dr. Sushma Mishra
Organizing Secretary


Mr. Devashish Pradhan
(Technical Advisor)






National Webinar 11/08/2021
"Treasure's of Tribal Culture" on the occassion of International Day of Indigenous People.




# "राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव" में शैक्षणिक भ्रमण

03-11-2022




# NATIONAL TRIBAL DANCE FEST.

18-08-2023

3.**August Kranti Mahotsav**




अगस्त क्रांति महोत्सव एवं पुस्तक विमोचन

08-08-2022


GPS Map Camera
Dharsiwa, Chhattisgarh, India
CM79+XQJ, Dharsiwa, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.415196°
Long 81.6694°
12/08/23 01:49 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Parastara, Chhattisgarh, India
CM89+3Q2, Parastara, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.415166°
Long 81.66946°
12/08/23 01:49 PM GMT +05:30
Google

3. 
अगस्त क्रांति महोत्सव
दिनांक - 12.08.2023

4.

5.

6.

7. 
"वन्दे मातरम"
छत्तीसगढ़ प्रदेश के वीर सपूतों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की
प्रदर्शनी
अमर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी
स्वर्गीय प.रामभद्र दुबे

# शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में मनाया अगस्त क्रान्ति महोत्सव

आमचो छत्तीसगढ़

धरसींवा। महाकौशल इतिहास परिषद रायपुर (छ.ग.) एवं इतिहास विभाग धरसींवा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12.06.202× को अगस्त क्रान्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के परिवार (वंशजों) द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता आन्दोलन के छायाचित्र, समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित लेख, स्मृति चिन्ह, हस्तलिखित एवं विभिन्न ऐतिहासिक चित्रों की प्रदर्शनी महाविद्यालय परिसर में लगाकर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम कि विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं एवं प्रसंगों से अवगत कराया गया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती शबनूर सिद्दीकी ने अपने स्वागत भाषण में सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया तथा अगस्त क्रान्ति महोत्सव मनाये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। महाकौशल इतिहास परिषद रायपुर (छ.ग.) के संरक्षक आदरणीय डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र, प्रसिद्ध इतिहासकार एवं शिक्षाविद ने अपने संबोधन में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा किए, तथा जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु संगठित होकर समय प्रबंधन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए।




संस्था के कार्यों के बारे में सक्षिप्त जानकारी श्री मुरली मनोहर खंडेलवाल जी (अध्यक्ष) द्वारा प्रदान की गई जिसमें उन्होने बताया की प्रति रविवार विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के स्मरण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संस्था द्वारा किया जाता है तथा कारागृह से पदरज का संकलन कर महान विभूतियो को श्रद्धांजली दी जाती है।

इस महोत्सव के आयोजन हेतु श्री दुर्गेश वर्मा जी अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, एवं स्थानीय प्रबंधन तथा सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में श्री सुरेश मिश्रा जी. श्री संतोष नायडू जी, श्री राजेन्द्र कुमार जैन, श्री महेश दुबे, श्री पी.आर, अहीर जी श्री मंगल सिंग एवं वरिष्ठ प्राध्यापक श्री कौशल किशोर एवं समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी एवं बढी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. सुनिता दुबे, सहा.प्रा. एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सी. एल. साहू सहा.प्रा. एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी में किया।

**4.Teacher's Day**


Teachers, thankyou for
guiding us.
You all are the best
the world. We'll always
remember to all of



**5.International ozone Day**




# International Day for the preservation of ozone layer

16-09-2022

**6.Gandhi jayanti**

दैनिक भास्कर आंचलिक 05-10-2023

## गांधी जीवन दर्शन पर प्रदर्शनी लगी व कई स्पर्धाएं हुई



धरसींवां| शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन, भजन गायन, भाषण व रंगोली प्रतियोगिता हुई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से मुख्य वक्ता अंकिता पुरोहित ने छात्र-छात्राओं को गांधी जी के जीवन से मिलने वाली सीख को लगे रहो मुन्ना भाई... फिल्म के प्रेरक प्रसंगों के प्रदर्शन के साथ साझा किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने अपने स्वागतीय भाषण में गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों व जीवन दर्शन संबंधी अमूल्य जानकारी दी। वहीं नाधव तांडी को स्लोगन में प्रथम स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में पूनम झा, रंगोली में योगिता चतुर्वेदी प्रथम रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. स्वाति शर्मा, सहा. प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि कुजूर सहा. प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र द्वारा किया गया।

# गाँधी जयंती के अवसर पर
# (स्वच्छांजलि कार्यक्रम )

03-10-2023


CLEAN INDIA
DRY
2023/10/3 15:50


CLEAN City
SWACHH
BHARAT
ABHIYAN
SAY
NO
WET
DRY
PLANT
CLEAN
INDIA
2023/10/3 15:29


2023/10/3 14:40

दैनिक भास्कर आंचलिक 05-10-2023

# गांधी जीवन दर्शन पर प्रदर्शनी लगी व कई स्पर्धाएं हुई



**धरसीवां|** शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन, भजन गायन, भाषण व रंगोली प्रतियोगिता हुई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से मुख्य वक्ता अंकिता पुरोहित ने छात्र-छात्राओं को गांधी जी के जीवन से मिलने वाली सीख को लगे रहो मुन्ना भाई... फिल्म के प्रेरक प्रसंगों के प्रदर्शन के साथ साझा किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने अपने स्वागतीय भाषण में गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों व जीवन दर्शन संबंधी अमूल्य जानकारी दी। वहीं नाधव तांडी को स्लोगन में प्रथम स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में पूनम झा, रंगोली में योगिता चतुर्वेदी प्रथम रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. स्वाति शर्मा, सहा. प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि कुजूर सहा. प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र द्वारा किया गया।

**7. Constitution Day**




**Constitution Day**

**26.11.2021 "संविधान की शपथ का सामूहिक पाठन"**

26-11-2021




# Constitution Day

26-11-2021

## 8.Hindi Week & Chhattisgardi Rajbhasha Diwas

दिनांक - 19.09.2022
कार्यक्रम - हिंदी सप्ताह का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह

हिंदी विभाग व साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्त्वाधान में दिनांक 14 से 18 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें कविता, नारा, निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित किए गये. दिनांक 19.09.2022 को इस हिंदी सप्ताह का समापन समारोह रखा गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

(Dr. G.L. Sahu)

प्राचार्य

दिनांक - 28/11/2022
कार्यक्रम - 'छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस'

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी विभाग व छत्तीसगढ़ी भाषा क्लब के संयुक्त तत्त्वाधान में 25 से 28 नव. तक 'छत्तीसगढ़ी भाषा की दशा और दिशा' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी भाषा में स्वरचित कविता लेखन व छत्तीसगढ़ी भाषा व बोली विषय पर छत्तीसगढ़ी भाषा में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किये गये जिसके विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया.

(Dr. G.L. Sahu)

Principal


GPS Map Camera
Parastara, Chhattisgarh, India
CM89+3Q2, Parastara, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.41523°
Long 81.669311°
19/09/22 01:00 PM
Google




GPS Map Camera
Parastara, Chhattisgarh, India
CM89+3Q2, Parastara, Chhattisgarh 493221, India
Lat 21.41525°
Long 81.669329°
28/11/22 02:30 PM
Google

# धरसींवा महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह का समापन







■ स्वतंत्र स्वर

**रायपुर।** क्षेत्र के पण्डित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां के हिंदी विभाग और साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी ससाह के रूप में मनाया गया।जिसमें 14 सितम्बर को मौलिक नारा लेखन 15 सितम्बर को %स्वाभिमान की भाषा है हिंदी% विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता तथा 16 सितम्बर को हिंदी भाषा पर मौलिक कविता लेखन प्रतियोगिता व 19 सितम्बर को % वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा% विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में बी एससी के अभय तिवारी ने प्रथम स्थान प्रास किया ।द्वितीय स्थान एम ए हिंदी के ओमप्रकाश को मिला तथा तृतीय स्थान पर बी कॉम तृतीय के खिलेश्वरी देवांगन रहीं। निबन्ध लेखन में प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय रतन पर क्रमशः अनीसा बुसरा, प्रियंका साहू तथा छाया विश्वकर्मा रहे। कविता लेखन में प्रथम स्थान पर एम ए हिंदी के द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा मोनिका साहू द्वितीय स्थान पर एम ए हिंदी के ही पुष्प साहू व तृतीय स्थान पर एम एससी की छात्रा अनीसा बुसरा रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पुनः प्रियंका साहू द्वितीय स्थान पर अलफिया बुसरा तथा तृतीय स्थान पर अनीसा बुसरा रहीं। सभी विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दुर्गेश वर्मा व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वर्मा जी और साथ ही प्राचार्य ने अपने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा का व्यवहार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक और हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सी.एल.साहू ने हिंदी का इतिहास बताते हुए उसमें रोजगार की अपार सम्भावनाओं पर विस्तार से पर बात की। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में विज्ञान संकाय के वरिष्ठ प्राध्यापक द्वय के के शर्मा व डॉ . निधि देवांगन के साथ आयोजक मंडल के कल्पना पांडेय ,डॉक्टर स्वाति शर्मा व प्रशांत रथ व अन्नपूर्णा बंजारे व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# धरसींवा कॉलेज में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस








■ स्वतंत्र स्वर

**धरसींवा।** शासकीय पण्डित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। हिंदी विभाग और उसी की पोषक छत्तीसगढ़ी भाखा क्लब के संयुक्त तत्वाधान आयोजित इस कार्यक्रम में दिनांक 25 से 28 नवम्बर तक छत्तीसगढ़ी भाषा पर निबन्ध लेखन,मौलिक कविता लेखन लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का योजन किया गया। जिसका समापन छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता व विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरण कर किया गया। राजभाषा छत्तीसगढ़ी बर चुनौती विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अलफिया बुशरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे और तीसरे स्थान पर एम. ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका साहू और बी.ए. प्रथम की ललिता रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में क्षेत्र के जाने माने कवि ऋषि वर्मा और युवा कवि,शायर और गज़लकार इरफानुद्दीन इरफान जी विशेष रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने महाविद्यालय के युवाओं को भाषण कला के लिए आवश्यक बातों के बारे में विस्तार से बताते हुए अपनी भावपूर्ण छत्तीसगढ़ी कविताओं और शेरो शायरियों से भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में राजभाषा छत्तीसगढ़ी की दशा और दिशा विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं - प्रथम स्थान प्राप्त -बी.कॉम.प्रथम की छात्रा काजल मिरी व अनिशा बुशरा एम.एससी.तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्राप्त-जागृति वर्मा,ओंकार साहू व तृतीय स्थान प्राप्त - प्रियंका साहू,हिना पटेल को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।इसी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा में मौलिक कविता लेखन में प्रथम स्थान पर रहे एम ए हिंदी के छात्र ओमप्रकाश यादव,सुनिधि साहू दिवितीय स्थान प्राप्त मोनिका साहू,रीना यादव तृतीय स्थान पर रहीं -कविता साहू और पुष्पा साहू को भी इस अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ .सी.एल. साहू ने बताया कि पिछले साल से हिंदी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी भाखा क्लब के गठन कर हिंदी के साथ - साथ छत्तीसगढ़ी के प्रचार - प्रसार और संवर्धन के साथ ही युवा पीढ़ी में छत्तीसगढ़ी के प्रति संकोच की भावना को दूर कर अपनी बोली - भाषा पर गर्व की अनिभूति करा सकें ,इस हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शबनूर सिद्दीकी और जनभागीदारी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा जी के सहयोग से सतत प्रयासरत हैं।आगे भी छत्तीसगढ़ी के लिए हिंदी विभाग कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एम. ए. हिंदी के छात्र और उभरते हुए कवि ओमप्रकाश यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ . मीता अग्रवाल ने किया।

9.Human Right Day




## celebration of human rights day

10-12-2022




## World Human Rights Day

10-12-2022



# मानव अधिकार दिवस (10.12 2021)

10-12-2021

10.National Youth Day




# Rashtriya Yuva Divas

12-01-2023




# विवेकानंद जयंती एनिमेशन फिल्म एवं क्विज प्रतियोगिता

12-01-2022



# SWAMI VIVEKA NAND JAYANTI INTERNATIONAL YOUTH DAY

12-01-2023

---

11. Internatinal women's Day




महिला दिवस के उपलक्ष में पंडित श्यामाचरण शुक्ला महाविद्यालय धरसीवा की रेड क्रॉस यूनिट में अस्पताल में फल वितरण किया।

11-03-2023

12. World Environment Day

13. International Yog




a Day


Shot on OnePlus
Powered by Triple Camera 2023.06.21 08:05


युवा शक्ति को सही दिशा
Shot on OnePlus
Powered by Triple Camera 2023.06.21 08:06

# एक विश्व एवं एक स्वास्थ्य थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन









■ स्वतंत्र स्वर

**धरसींवां।** एक विश्व एवं एक स्वास्थ्य थीम पर शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, रेड क्रास इकाई तथा एन.सी.सी के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सीमा शुक्ला आयुर्वेद चिकित्सक अधिकारी धरसींवा तथा योग प्रशिक्षक के रूप में राकेश पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रतीक पुरूप स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर में माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात् योग शिक्षक राकेश पाल के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराया गया जिसमें भुजंग आसन, कपाल भाति, भ्रामरी, शवासन मुख्य रहे। मुख्य वक्ता के रूप में आये डॉ. सीमा शुक्ला के द्वारा मेडीटेशन कराया गया तथा अंत में हास्य योग कराया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ज्योतिष कुमार प्रवक्ता छत्तीसगढ़ योग आयोग उपस्थित रहे। इनके द्वारा महाविद्यालय में योग उपरांत फल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी, कौशल किशोर, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. जी. नाग भार्गवी, डॉ. सी. एल. साहू, डॉ. सुनीता दुबे, श्रीमती अदिति भगत, राधेलाल कश्यप, नंद लहरे, श्रीमती माधुरी तिर्की, मोहन बिरजे, हरीश साहू, कु. राजेश्वरी कन्नौजे पोषण ध्रुव, परम निर्मलकर, ललित ध्रुव के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अतुल, जीवन साहू, मनीष, शैलेष, चंद्रकिरण, देवेन्द्र खेलवार, अरविंद के साथ साथ एन.सी. सी के कैडेट उपस्थित रहे। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह तथा डॉ. रश्मि कुजुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. सीमा शुक्ला तथा योग प्रशिक्षक राकेश पाल को प्रतीक चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## योग दिवस 21 जून 2023 एक विश्व एक स्वास्थ्य

21-06-2023

Other Activities:-




# शहीद भगतसिंह जयंती का आयोजन
27-09-2022

# धरसींवा महाविद्यालय में कला संकाय द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोगाम का आयोजन

■ स्वतंत्र स्वर



रायपुर। पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा रायपुर में 12 सितंबर 2022 को कला संकाय द्वारा इंडक्शन प्रोगाम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य कला संकाय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यलय से संबंधित शैक्षणिक विषयों संबंधी जानकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विंग्स जैसे एनसीसी, एनएसएस, रेड क्रॉस के साथ साथ शिकायत पेटी, साइकिल स्टैंड, लाइब्रेरी, पेयजल व्यवस्था, सेनेटरी वेन्डिग मशीन, गर्ल्स कॉमन रूम, कौशल विकास एवं स्पोर्ट्स से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दिकी के उद्बोधन से प्रारंभ हुआ जिसमें उनके द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के साथ इतिहास विषय से संबंधित जानकारियां एवं आगामी उच्च शिक्षा तथा कैरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य द्वारा इको क्लब के गठन की विधिवत घोषणा की गई जिसके लिए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में से सक्रिय कार्यकर्ता चुने गए। कार्यक्रम में कला संकाय की सभी प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा अपने विषयों के महत्व तथा उन विषयों में भविष्य निर्माण की संभावनाओं से नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के कला संकाय के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों में डॉ. सुषमा मिश्रा हृष्ट प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, डॉ. सी. एल. साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी, डॉ. रश्मि कुजुर सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, श्रीमती कल्पना पांडे सहायक प्राध्यापक हिंदी, डॉ. श्रीमती स्वाति शर्मा सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, श्री प्रशांत रथ सहायक प्राध्यापक राजनीति एवं श्रीमती अन्नपूर्णा बंजारे श्री अनिल महोबिया क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, एवं हस्स प्रभारी डॉ. सुनीता दुबे रेडक्रास प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक वाणिज्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मंच संचालन डॉ. स्वाति शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती कल्पना पांडे द्वारा दिया गया। फीडबैक के लिए सूरज बीए प्रथम को प्राचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह पदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 190 नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को मीठा तथा कलम प्रदान की गई।

# कला संकाय द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोगाम

12-09-2022




# हर घर झण्डा कार्यक्रम

12-08-2022



# inter college Athletics Competition-2023

16-10-2023



# Mentor-mantee 2023-24

07-10-2023



बंध में तीन दिन की जन्माष्टमी

सुबह 08.30 बजे श्री कृष्ण बाललीला गुणगान (परम पूज्य सिद्धार्थ स्वामी द्वारा) सुबह 09.30 से 10.30 बजे तक भजन कीर्तन सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक, राजभोग अर्पण दोपहर 12 बजे तक, राजभोग आरती दोपहर 12.30 बजे, उत्थापन आरती संध्या 6.15 बजे भजन संध्या 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक संध्या आरती संध्या 7 बजे, प्रसाद वितरण सुबह 10 बजे से रात्रि 02 बजे तक महाभिषेक रात्रि 10 बजे से 11.30 बजे तक, छप्पन भोग अर्पण रात्रि 12 बजे, महाआरती रात्रि 12.15 बजे भगवान की विशेष झुलन झांकी, संध्या 00 बजे से 7 बजे तक भजन संध्या का आयोजन मँदिर के सेवकों द्वारा किया जायेगा।

## पं. शुक्ल कॉलेज में विद्यार्थियों का ओरियंटेशन

रायपुर, 5 सितंबर। शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा के विज्ञान संकाय द्वारा सोमवार को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्धिकी ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी, साथ ही अन्य गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक कौशल किशोर शर्मा, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान ने विज्ञान संकाय के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से परिचित कराया गया। भौतिक विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जी. नाग भार्गवी ने भौतिक विषय से संबंधित प्रोग्राम एवं पाठ्यक्रम संबंधित आऊटकम की जानकारी दी। साथ ही छात्र/छात्राओं को फीडबैक देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि देवांगन ने गणित के डर को खत्म करने हेतु नियमितता को जरूरी बताया, इसके साथ ही महाविद्यालय के वेबसाईट एवं नीतियों के बारे में जानकारी दी। रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हेमंत देशमुख ने लाइब्रेरी एवं खेलकूद की सुविधाओं से अवगत कराया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी की नोडल अधिकारी डॉ. सुषमा मिश्रा ने अंग्रेजी विषय, कैरियर मार्गदर्शन एवं एनसीसी से संबंधित जानकारी दी।

साथ ही लैब तकनीशियन ने लैब में उपलब्ध सुविधाओं से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया। हिन्दी भाषा, कम्प्यूटर भाषा के आधारभूत अवधारणाओं से संबंधित कक्षाओं एवं विषय की जानकारी दी। इसके अलावा सभी विषय के अतिथि व्याख्याताओं एवं सभी सुविधाओं, समितियों एवं गतिविधियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में डॉ. अश्विनी कुमार, चारु वर्मा, श्रीमती शीतल वर्मा, मोनिका साहू, निधि साहू, किरण पाण्डेय, राधेलाल कश्यप, श्रीमती माधुरी तिर्की, दीक्षा साहू, गरिमा देवांगन उपस्थित रहे।

# Induction Program of Science Department

05-09-2023

# नव प्रवेशित विद्यार्थियों का किया गया उन्मुखीकरण



धरसींवा @ पत्रिका. शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में गुरुवार को उन्मुखीकरण कार्यर म का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी ने की एवं संचालन डॉ. रश्मि कुजूर ने किया। कार्यक्रम में कला संकाय के डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. सी.एल. साहू, डॉ. स्वाति शर्मा एवं अन्नपूर्णा बंजारे उपस्थिति रहीं। कला संकाय के समस्त प्राध्यापकों एवं प्राचार्य के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की मूलभूत जानकारियों एवं विषय के महत्व व उपयोगिता से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में कु. निधि साहू एवं मोहनू बिरजे विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं बी.ए. प्रथम वर्ष के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यर म सफलतापूर्वकं आयोजित किया गया।

# Induction Program of Arts Department

02-09-2023









# वाणिज्य संकाय द्वारा नप्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

29-08-2023




# INVITED TALK BY CIVIL JUDGE

27-08-2023

वृक्षारोपण

धरसींवा के उपसरपंच साहिल खान ने पौधरोपण किया

# मोर माटी मोर देश के तहत पौधरोपण महोत्सव का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**धरसींवा.** शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में गुरुवार को मोर माटी मोर देश के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शबनूर सिद्दीकी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के तहत करंज, आवला, कदम, शीशम, नीम, पीपल के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य मो. इकबाल कुरैशी, आसाराम राम साहू, दानीराम साहू, तुकाराम साहू, छगेन्द्र वर्मा, सखाराम साहू, मंजु वर्मा के साथ साथ धरसींवा ग्राम पंचायत के उपसरपंच साहिल खान के द्वारा पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के कौशल किशोर, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. सीएल साहू, डॉ. सुनीता दुबे, अदिति भगत, अनिल महोबिया, हेमंत देशमुख, डॉ. स्वाति शर्मा, प्रशांत रथ, राधेलाल कश्यप, नंद लहरे, माधुरी तिर्की, मोहनु बिरजे, हरीश साहू, राजेश्वरी,कन्नौजे, निधि साहू, गरिमा देवांगन, पोषण ध्रुव, परम निर्मलकर, ललित ध्रुव के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक ओमप्रकाश, अतुल, जीवन साहू, मनीष, शैलेष, चंद्रकिरण, देवेन्द्र खेलवार, प्रदीप वर्मा, रश्मि, जागेश्वरी, प्रियंका, अरविंद, पीमा, हिमानी, हिमांशी, योगेश, हेमलता, गोमती, निशा, अम्बे, सुजाता, काजल आदि ने सहयोग किया।

## रायपुर पब्लिक स्कूल में मनाया हरियाली दिवस



**मंदिर हसौद @ पत्रिका.** मंदिर हसौद स्थित रायपुर पब्लिक स्कूल तुलसी में 21 जुलाई को हरियाली दिवस मनाया गया। इसमें स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे हरे रंग के वेशभूषा में स्कूल पहुंचे थे, सभी बच्चों के साथ साथ रायपुर पब्लिक स्कूल की संचालिका भावना चंद्राकर एवं अन्य सभी शिक्षक द्वारा फूल वाले सजावटी पौधे व फलदार वृक्ष लगाए।


# मोर माटी मोर देश के तहत पौधा रोपण महोत्सव का आयोजन

20-07-2023










# गॉधी जी की पुण्य तिथि पर स्वच्छता सहयोगियो का सम्मान

30-01-2023




# Best Out of Waste Competition

12-12-2022




# National energy conservation Day 2022

24-12-2022




# BLOOD DONATION CAMP KHAIR KHUT bY NSS

01-12-2022






# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर -खैरखुट ( 28/11/2022 to 04/12/2022 )

28-11-2022




# Puppet show on life of Gandhiji

26-11-2022



# AAO TARE GEENE -2022

28-11-2022

# वाणिज्य संकाय में शिक्षक-अभिभावक बैठाक का आयोजन

■ स्वतंत्र स्वर



**धरसींवा।** शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनाँक 23 से 25 नवम्बर तीन दिवसीय पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। जिसमें वाणिज्य विभाग के 90 से अधिक छात्र-छात्राओ के पालक/अभिभावक अपनी सुविधानुसार प्राध्यापकों से मिल सके। विभाग के सहायक प्राध्यापकों डॉ. सुनीता दुबे ( विभागाध्यक्ष), श्रीमती अदिती भगत एवं डॉ. संजय सिंह द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त सुविधाओं एवं विद्यार्थी की उपस्थिति, अध्ययन व आचरण से अभिभावकों को अवगत कराया गया तथा अभिभावकों के सुझाव व विचारों को अंकित किया गया। अभिभावकों ने महाविद्यालय की व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए व इस प्रकार के बैठक का आयोजन किये जाते रहने हेतु आग्रह किया । जिससे छात्र अभिभावक व शिक्षक में सकारात्मक संबंध बना रहे ।

# PTM meeting Dep. of commerce

26-11-2022




# Meeting By Women Cell

19-11-2022




# किशोरावस्था में लड़कियों की स्वास्थ्य समस्याए एवं समाधान

25-11-2022




# ग्राम देवरी स्वास्थ्य मेला में राष्ट्रीय सेवा योजना NSS के द्वारा योगदान

17-11-2022

# दिव्यांग स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मनाया बाल दिवस





**धरसींवा @ पत्रिका.** बाल दिवस के अवसर पर शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा की रेड क्रास इकाई द्वारा अकांक्षा दिव्यांग स्कूल धरसींवा के छात्र-छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को रिफ्रेशमेंट किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी, रेडक्रास प्रभारी डॉ. सुनीता दुबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय सिंह, सदस्य डॉ. रश्मि कुजूर, डॉ. सीएल साहू, अदिति भगत एवं आकांक्षा दिव्यांग स्कूल के समस्त स्टॉफ व 30 छात्र छात्राएं कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## दिव्यांग स्कूल के छात्र - छात्राओं के साथ मनाया गया बाल दिवस

14-11-2022




# Mentor-Mentee Counseling Class -2022-23

16-11-2022